# कार खाई में गिरी, महिला की मौत



श्रीनगर गढ़वाल। शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे लोगों की कार बिलकेदार–देहलचौरी मार्ग पर अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 50 से 60 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में देहरादून निवासी महिला की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव अभियान चलाकर सभी घायलों को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार रविवार को देहलचौरी चौकी में सूचना मिली कि अरकणी बैंड से करीब 800 मीटर आगे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। सूचना मिलते ही कोतवाली श्रीनगर से पुलिस टीम आपदा राहत उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक रोहित थपलियाल रुद्रप्रयाग से शादी समारोह में शामिल होकर विकास खंड कोट के ग्राम भेंटा गांव से रुद्रप्रयाग लौट रहे थे। वाहन में चालक समेत पांच लोग सवार थे। मौके पर तैनात कांस्टेबल बद्रीलाल ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को खाई से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल महिला अनीता भट्ट (49) पत्नी शशिराम भट्ट निवासी जाखन, अंसल ग्रीन वैली, राजपुर रोड देहरादून को कांस्टेबल बद्रीलाल ने अपने निजी वाहन से तत्काल बेस अस्पताल श्रीकोट पहुंचाया जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल लोगों में चालक रोहित थपलियाल (24) पुत्र प्रेमचंद थपलियाल, रश्मि देवी (45) पत्नी प्रेमचंद थपलियाल, सुधा देवी (54) पत्नी जगदीश प्रसाद निवासी रतूड़ा रुद्रप्रयाग तथा सुमन बिष्ट (26) पुत्री गजपाल सिंह बिष्ट निवासी ग्राम भेंटा, देहलचौरी पौड़ी जनपद शामिल हैं। सभी घायलों का बेस अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## युवती से छेड़छाड़, बीच–बचाव में युवक पर खुकरी से हमला

देहरादून। रायपुर थाना क्षेत्र के तपोवन रोड पर एक युवती के साथ छेड़छाड़ और सरेराह मारपीट का आरोप लगा है। मनचलों ने बीच–बचाव करने आए एक युवक के सिर पर खुकरी से जानलेवा हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर रायपुर थाना पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ संजीत कुमार ने बताया कि जैन प्लॉट निवासी महिला ने दी शिकायत में बताया कि वह आठ मई की रात करीब नौ बजे अपनी एक दोस्त के साथ तपोवन रोड पर टहल रही थी। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद मोहित थापा, हिमांशु राय और उनके अन्य साथियों ने उसे घेर लिया और गाली–गलौज करते हुए मारपीट व छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसी बीच वहां से गुजर रहे गौतम राणा ने जब युवती को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने खुखरी से गौतम के सिर पर हमला कर दिया। हमले में गौतम लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# उद्योग विभाग कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री भरत सिंह चौधरी से की शिष्टाचार भेंट

देहरादून। उद्योग विभाग राज्य कर्मचारियों के पदाधिकारियों ने आज ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम (टरटए), खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी से यमुना कॉलोनी स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कर्मचारी प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागीय समस्याओं एवं मांगों को लेकर मंत्री जी को मांग पत्र सौंपा गया। कर्मचारियों ने स्थानांतरण, डीपीसी (पदोन्नति), मृतक आश्रित नियुक्ति, विभागीय संविदा कर्मचारियों से संबंधित विषयों सहित अन्य मुद्दों पर अपना पक्ष विस्तार से रखा। मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कर्मचारियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि सभी विषयों का नीतिगत एवं न्यायोचित तरीके से समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। मा.मंत्री ने कहा कि कर्मचारी किसी भी विभाग की कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं तथा उनकी समस्याओं का



समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उद्योग विभाग राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी,सचिव पंकज चौहान,प्रचार मंत्री प्रदीप नेगी, कोषाध्यक्ष सचिन, सदस्य नवीन मलाशी एवं प्रवीन मल्ल उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर ठगों ने व्यक्ति के खाते से उड़ाए लाखों रुपये

हरिद्वार। ज्वालापुर निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से ठगों ने करीब 4.90 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शास्त्री नगर निवासी कमल कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके बैंक खाते से अलग–अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4 लाख 89 हजार 999 रुपये निकाल लिए गए। मामले की जानकारी होने पर उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस और बैंक की मदद से 36 हजार 602 रुपये 46 पैसे की रकम पर लियन लगाया गया है, ताकि रकम को होल्ड किया जा सके और आगे निकासी रोकी जा सके। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि साइबर सेल की मदद से बैंक खातों और ट्रांजेक्शन की डिटेल खंगाली जा रही है।

### मोलधार–चापड़ा सड़क निर्माण करवाने की मांग

उत्तरकाशी। जौनपुर ब्लॉक के मोलधार गांव से थौलधार के चापड़ा तक स्थानीय लोगों ने सड़क स्वीकृत करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनने से जौनपुर, थोलधार ब्लॉक के अलावा उत्तरकाशी जिले के कई गांव आपस में जुड़ने से आवाजाही सुगम होगी। जौनपुर ब्लॉक के सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष खेमराज भट्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोमवारी लाल नौटियाल, मोलधार ग्राम प्रधान गजेंद्र दत्त रतूड़ी, पूर्व प्रधान कमल नौटियाल, प्रियंका देवी ने कहा कि मोलधार–चापड़ा सड़क बनने से टिहरी जिले के जौनपुर क्षेत्र, थौलधार ब्लॉक की बिष्ट और उत्तरकाशी के हाथड़ पट्टी जौनपुर ब्लॉक थत्यूड़ से जुड़ जाएगी। उत्तरकाशी जिले की वनचौरा सड़क जुडने से उत्तरकाशी और बड़कोट से मसूरी और देहरादून जाने लोगों के लिए 40 से 45 किलोमीटर का सफर कम हो जाएगा। बताया पर्यटन की दृष्टि से इस सड़क निर्माण जरूरी है। मोलधार से तीन किलोमीटर की दूरी पर जौनपुर क्षेत्र का गुड़ियापा पर्यटन स्थल है, जहां पर नाग देवता का प्राचीन मंदिर है। यह स्थान बेहद रमणीक होने के साथ यहां से हिमालय पर्वत और टिहरी झील का सुंदर दृश्य भी दिखाई देते हैं। सड़क बनने से पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी। उन्होंने शासन–प्रशासन से मोलधार–चापड़ा सड़क की स्वीकृति दिलाने की मांग उठाई है।

### घरेलू विवाद में दामाद ने ससुर पर किया चाकू से हमला

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र के अहबाबनगर में घरेलू विवाद के दौरान दामाद ने अपने ससुर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार को पुलिस ने आरोपी और उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अहबाबनगर निवासी नसीम ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार को उसका दामाद सावेज किसी बात को लेकर उससे भिड़ गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सावेज ने चाकू निकालकर उसके पेट पर वार कर दिया। नसीम ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान आरोपी का बड़ा भाई जहीर भी मौके पर मौजूद था, जिसने धमकी दी कि अगर वह बच भी गया तो बाद में उसे और उसकी बेटी को खत्म कर दिया जाएगा। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### जमालपुर कलां की अनदेखी पर स्थानीय लोगों ने सीवर कार्य रुकवाया

हरिद्वार। जमालपुर कलां ग्राम पंचायत क्षेत्र में सीवर लाइन की अनदेखी को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों ग्रामीणों और कॉलोनीवासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मित्र विहार कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर चल रहे सीवर लाइन निर्माण कार्य को रुकवा दिया। आक्रोशित लोगों ने मौके पर पहुंचे निर्माण एवं अनुरक्षण शाखा के एई अनूप भंडारी का घेराव कर जमकर नाराजगी जताई। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि प्रशासन केवल मित्र विहार कॉलोनी तक ही सीवर लाइन डाल रहा है, जबकि इसके आगे स्थित लक्की विहार, संगम विहार, उमा विहार, दुर्गा एंक्लेव, कस्तूरी एंक्लेव, बृजकिशोर एंक्लेव और कुसुम एंक्लेव जैसी कई बड़ी कॉलोनियों को योजना से बाहर रखा गया है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी कॉलोनियों में भी सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू नहीं किया जाता, तब तक मुख्य मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। उनका कहना था कि प्रशासन मुख्य सड़क पर सीवर लाइन तो डाल रहा है, लेकिन उसे कॉलोनियों से जोड़ने की कोई योजना नहीं है।

### वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा

उत्तरकाशी। वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय की एक आवश्यक बैठक बड़कोट स्थित हिलग्रीन इंटर कॉलेज में हुई। बैठक में जनपद भर से पहुंचे विद्यालय संचालकों एवं प्रधानाचार्यों ने विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की। इस दौरान आरटीई के तहत बीते एक वर्ष से विद्यालयों को धनराशि न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र रमोला की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें विद्यालयों की मान्यता, नवीनीकरण व समिति पंजीकरण में आ रही प्रशासनिक दिक्कतों को भी प्रमुखता से उठाया गया।

# ट्रैफिक प्लान धड़ाम, फिर लगा ऋषिकेश में जाम

ऋषिकेश। वीकेंड पर उमड़ी पर्यटकों की भीड़ के बीच चारधाम यात्रा में ट्रैफिक को सुचारु रखने के लिए पुलिस की ओर से तैयार किया गया विशेष यातायात प्लान एक बार फिर रविवार को धड़ाम हो गया। सुबह करीब नौ बजे से शुरू हुआ जाम का सिलसिला रात करीब आठ बजे तक जारी रहा। शहर में बाईपास से लेकर मुख्य मार्ग पर जाम के बीच वाहन रेंगते रहे। इसके चलते पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। रविवार को जाम का लगने का सिलसिला सुबह नौ बजे हुआ। श्यामपुर में ऋषिकेश–हरिद्वार नेशनल हाईवे पर गढ़ी तिराहे से पुलिस चौकी तक वाहन रेंग–रेंगकर गुजरते रहे। हरिद्वार बाईपास से ऋषिकेश होते हुए मुनिकीरेती तथा अन्य पर्वतीय क्षेत्रों का रुख करने वाले यात्रियों और पर्यटकों को मनसा देवी तिराहे भी जाम से जूझना पड़ा। यहां रेलवे फाटक पर ट्रेनों के आवागमन के दौरान संकरी सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। संकरे हाईवे पर गौरा देवी चौक से लेकर इंद्रमणि बडोनी चौक तक पहाड़ जाने वाला ट्रैफिक जाम दिखा। ढालवाला में गंगोत्री नेशनल हाईवे वाहनों से पैक होने के चलते यह समस्या पैदा हुई। पुलिस का वन–वे



ट्रैफिक प्लान भी वाहन सवार लोगों को राहत देता नहीं दिखा। बाईपास का रुख करने वाले स्थानीय लोगों को भी सवारी वाहनों में इस जाम में फंसना पड़ा। चिलचिलाती धूप में वह पसीना–पसीना होते दिखे। यातायात निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि हरिद्वार बाईपास मार्ग काफी संकरा है, जिस पर वाहनों का दबाव बढ़ने से इस तरह की समस्या होती है। नेपालीफार्म से डायवर्जन प्लान भी लागू किया जा रहा है, लेकिन ढालवाला और आसपास क्षेत्र की सड़कों पर वाहनों की भीड़भाड़ से सुचारु ट्रैफिक में परेशानी

## एसओजी बनकर पहुंचे बदमाश, 18 लाख की फिरौती वसूली

रुड़की। युवक के अपहरण और 18 लाख रुपये की फिरौती वसूली के मामले में पुलिस की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। जांच में सामने आया है कि बदमाश पूरी तरह एसओजी टीम के गेटअप में पहुंचे थे। उनके पहनावे, बातचीत और व्यवहार से युवक उन्हें असली पुलिसकर्मी समझ बैठा। आरोप है कि बदमाशों ने इतना दबाव और डर बनाया कि पीड़ित उनकी पहचान तक नहीं कर पाया। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के न्यू आदर्शनगर निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ लोग कार से उसके घर पहुंचे थे। उन्होंने खुद को एसओजी का सदस्य बताते हुए पूछताछ के बहाने उसे अपने साथ बैठा लिया। रास्ते भर उससे सख्ती से पूछताछ की गई और धमकाया गया। आरोप है कि बाद में बदमाश उसे मुजफ्फरनगर के जंगल क्षेत्र में ले गए, जहां उससे लाखों रुपये वसूले गए। पुलिस अब मामले की कई एंगल से जांच कर रही है। यह भी पड़ताल की जा रही है कि घटना के पीछे कहीं वे लोग तो नहीं हैं, जिनके साथ पहले युवक ने जादुई लोटे के जरिए सम्मोहित कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था।

# युवा डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ को नवजात की जान बचाने का दिया प्रशिक्षण




देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में रविवार को बाल रोग विभाग की ओर से नवजात शिशु जीवनरक्षक तकनीकों पर कार्यशाला आयोजित की गई।

प्रशिक्षक एचओडी डॉ. अशोक कुमार ने युवा डॉक्टरों एवं नर्सिंग अधिकारियों को एयरवे मैनेजमेंट, बैग और मास्क वेंटिलेशन सहित आपातकालीन प्रोटोकॉल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उपकरण तैयार करने, बैग–मास्क की जांच, बच्चे की सांस का मूल्यांकन और छाती के उठने के आधार पर पॉजिटिव प्रेशर वेंटिलेशन देने जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं का सिमुलेशन आधारित परीक्षण दिया। नियमित एनआरपी प्रशिक्षण को नवजात मृत्यु दर कम करने में बेहद जरूरी है।

# गर्भ में ही शिशु के हृदय रोगों की पहचान से जिंदगी बचाना आसान

देहरादून। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में आईआरआईए उत्तराखण्ड स्टेट चैप्टर की ओर से रविवार को फीटल ईको तकनीक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि गर्भ में पल रहे शिशु के दिल की बीमारियों की पहचान करने में यह तकनीक वरदान है। इस दौरान विशेषज्ञों ने लाइव डेमो के माध्यम से चिकित्सकों को इस तकनीक की बारीकियां समझाईं। बेंगलुरु से आए मुख्य वक्ता डॉ. सी कृष्णा ने बताया कि फीटल ईको एक अत्याधुनिक मेडिकल तकनीक है। इससे गर्भावस्था के दौरान ही बच्चे के हृदय की संरचना, धड़कन, ब्लॉकेज और वाल्व से जुड़ी समस्याओं की सटीक जानकारी मिल जाती है। यदि जन्म से पहले ही बीमारी का पता चल जाए, तो जन्म के तुरंत बाद इलाज की प्रभावी रणनीति तैयार की जा सकती है, जिससे नवजात शिशु की जान बचाने में बड़ी मदद मिलती है। शुभारंभ मुख्य अतिथि दून के सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने किया। एसजीआरआर विवि के कुलपति डॉ. प्रथापन पिल्लई ने कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक आयोजन चिकित्सकों का ज्ञानवर्धन कर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस दौरान आईआरआईए उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र गर्ग, आयोजन अध्यक्ष डॉ. राजीव आजाद और आयोजन सचिव डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## सोलानी नदी पुल से गिरी कार, पांच घायल

रुड़की। लक्सर–रुड़की मार्ग पर रविवार को बड़ा हादसा हो गया। लक्सर क्षेत्र से इकबालपुर जा रही ग्रामीणों की कार सोलानी नदी पुल पर अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए कई फीट नीचे नदी में जा गिरी। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार, कार सवार लोग लक्सर क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं और इकबालपुर क्षेत्र के कुंजा बहादुरपुर में रिश्तेदारी में जा रहे थे। सोलानी नदी पुल पर पहुंचते ही चालक कार से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद कार रेलिंग तोड़ते हुए नीचे नदी में जा गिरी। हादसे में रचना पत्नी जसवीर, निवासी मुंडाखेड़ा खुर्द, सोनी पत्नी अनिल, निवासी दाबकी महेश्वरी, कोमल पत्नी अमन, निवासी मारकपुर, श्रीकांत पुत्र सुरेश, निवासी बिजना खेड़ी थाना नकुड़ सहारनपुर (यूपी) और अनिल पुत्र राजेंद्र, निवासी दाबकी महेश्वरी घायल हुए हैं।

# धौंतरी में नहीं थम रही वाहनों की रफ्तार



उत्तरकाशी। धौंतरी बाजार में इन दिनों लगातार जाम की समस्या बनी है। केदारनाथ धाम के वैकल्पिक मार्ग पर स्थित होने के कारण यहां से बड़ी संख्या में यात्री वाहन गुजर रहे हैं। धौंतरी पहुंचते ही यात्रियों को लंबे जाम का सामना करना पड़ रहा है जिससे सफर प्रभावित हो रहा है। साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है। सड़क पहले से ही काफी संकरी है और तिराहे के कारण वाहनों का दबाव बढ़ते ही यातायात पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। कई बार छोटे वाहन और बसें आमने–सामने फंसने से स्थिति और बिगड़ जाती है। व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। उनका कहना है कि यदि जल्द पार्किंग स्थल विकसित नहीं किए गए और यातायात प्रबंधन मजबूत नहीं किया गया तो यात्रा सीजन में परेशानी और बढ़ सकती है। गाजणा जिला पंचायत सदस्य प्रियंका रावत ने कहा कि धौंतरी बाजार में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव से जनता और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने और यात्रा सीजन के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की मांग की।

# कृषि विज्ञान केंद्र में संतुलित उर्वरक उपयोग पर किसान गोष्ठी आयोजित

अल्मोड़ा। विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा के कृषि विज्ञान केंद्र काफलीगैर, बागेश्वर में 8 मई को संतुलित उर्वरक जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय किसान गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मानित डॉ. एके सिंह, पूर्व निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नई दिल्ली एवं शोध सलाहकार समिति के अध्यक्ष ने कृषकों को संतुलित उर्वरकों के उपयोग के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असंतुलित उर्वरक उपयोग से मृदा स्वास्थ्य प्रभावित होता है, जिसका असर पौधों, पशुओं और मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ता है।



उन्होंने अंगीकृत ग्राम उडेरखानी के पॉलीहाउस में टमाटर और शिमला मिर्च के बेहतर उत्पादन पर खुशी जताई तथा लाभार्थियों से मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन और मत्स्य पालन संबंधी जानकारी भी ली। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. राज कुमार ने केंद्र की विभिन्न किसानोपयोगी गतिविधियों की जानकारी दी। शोध सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. एके त्रिपाठी ने कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों के दस्तावेजीकरण की सलाह देते हुए केंद्र के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कान्त ने कहा कि योजनाएं किसान केंद्रित हों और उन्हें लागू करने में समन्वय व इच्छाशक्ति मजबूत हो तो किसानों की आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय कृषि की चुनौतियां मैदानी क्षेत्रों से अलग हैं और एकीकृत कृषि प्रणाली से किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

# वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार रहा कैंपटी फॉल



उत्तरकाशी। मैदानी क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने के साथ ही पर्यटकों का रुख पहाड़ों की ओर होने लगा है। रविवार को वीकेंड के चलते पर्यटन नगरी कैंपटी फॉल पर्यटकों से गुलजार रही। दिनभर कैंपटी फॉल में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, विकासनगर और हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक कैंपटी फॉल पहुंचे। पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से स्थानीय व्यापारियों, होटल संचालकों और होमस्टे व्यवसायियों के चेहरे भी खिले नजर आए। स्थानीय निवासी विनोद नौटियाल, खुशीराम मैथली, सुशील नौटियाल का कहना है कि जून में स्कूलों की छुट्टियां शुरू होने के बाद यहां पर्यटकों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से कैंपटी फॉल क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए बड़ी पार्किंग और बेहतर सुलभ शौचालय व्यवस्था विकसित करने की मांग की है।

# न्यू डिफेंस कॉलोनी में 35 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

देहरादून। पटेलनगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू डिफेंस कॉलोनी बड़ोंवाला में एक 35 वर्षीय युवक ने अपने घर के कमरे में पंखे से लटककर जान दे दी। घटना के वक्त युवक घर पर अकेला था। उसके माता–पिता अपने पैतृक गांव गए हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भेज दिया है इंस्पेक्टर पटेलनगर विनोद गुसाईं ने बताया कि रविवार को कंट्रोल रूम से सूचना मिली। बताया कि न्यू डिफेंस कॉलोनी में एक व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया है। सूचना पाकर आईएसबीटी चौकी जयवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां एक युवक का शव कमरे में पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान गौरव भट्ट (35 वर्ष) पुत्र देवेंद्र प्रसाद भट्ट निवासी न्यू डिफेंस कॉलोनी, बड़ोंवाला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गौरव घर पर अकेला रह रहा था और उसके माता–पिता जनपद रुद्रप्रयाग स्थित अपने गांव गए हुए थे। पुलिस ने मौके पर फील्ड यूनिट की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए और वीडियोग्राफी कराई। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से शव को अस्पताल भिजवा दिया गया। इंस्पेक्टर गुसाईं ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके पहुंचने पर आगे की कानून कार्रवाई होगी।

## काम दिलाने के बहाने पेंट ठेकेदार पर जानलेवा हमला

रुद्रपुर। रुद्रपुर के ग्राम मल्सी निवासी एक पेंट ठेकेदार को काम दिलाने के बहाने बुलाकर अज्ञात युवकों ने लाठी, लोहे की रॉड और पत्थरों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर घायल को बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मल्सी निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र अखलाक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पेंट का काम करता है। बीती 25 अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें पेंट का काम कराने की बात कही गई। शुरुआत में उसने समय नहीं होने की बात कहकर मना कर दिया, लेकिन लगातार फोन और आग्रह करने पर वह बताए गए स्थान पर मिलने पहुंच गया।

# मदर्स डे : मातृ शक्ति को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित



रुद्रपुर। मदर्स डे पर सिटी क्लब में मातृ शक्ति के सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान और पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने पहुंचकर माताओं एवं बहनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अनिल चौहान ने कहा कि मां परिवार की पहली गुरु होती है, जो बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार देती है। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में भी हमें अपनी माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने के लिए समय निकालना चाहिए। वहीं, पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि मां का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। जिस घर में माताओं का सम्मान होता है, वहां सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर कई माताएं भावुक हो उठीं और उन्होंने इस पहल को सराहनीय बताया। संचालन ललित राठौर ने किया। इस दौरान जगदीश सिंह, प्रीति राजपूत, रेखा, अंजू चौहान, उमेश, नेहा, ज्योति, कमला पांडे और कौशल्या देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## एक नजर

### अलर्ट हुआ रोडवेज, चालक व परिचालकों की छुट्टी निरस्त

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ीः चारधाम यात्रा चरम पर होने के साथ ही श्रीनगर रोडवेज अलर्ट मोड में आ गया है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए विभाग ने व्यवस्थाएं सख्त कर दी हैं। निगम प्रशासन ने चालक और परिचालकों की छुट्टियां निरस्त कर दी हैं ताकि बस संचालन प्रभावित न हो। ऋषिकेश स्थित एजीएम कार्यालय से यात्रा को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के तहत यात्रा अवधि में किसी भी चालक और परिचालक को अवकाश नहीं दिया जाएगा। केवल अत्यंत जरूरी परिस्थितियों में ही छुट्टी स्वीकृत की जाएगी। रोडवेज श्रीनगर के प्रभारी अशोक काला ने बताया कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुचारु बनाने के लिए निगम मुख्यालय और एजीएम कार्यालय से मिले निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है।

### गोलाणी और नौघर गांव में हुई पहली नशा मुक्त शादी

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक के गोलाणी और नगर पंचायत लंबगांव के अंतर्गत नौघर गांव में पहली नशा मुक्ति शादी संपन्न होने पर देवभूमि नशामुक्त मोर्चा की ओर से वर और वधु पक्ष के परिजनों को सम्मानित किया गया। नौ और दस मई को ग्राम पंचायत गोलाणी निवासी बचन सिंह कलूड़ा के पुत्र प्रवेश की लंबगांव नौघर निवासी राजेश रावत की पुत्री योगिता की मेहंदी और शादी समारोह बिना शराब के संपन्न हो गई। नशामुक्त मोर्चा के संयोजक देवी सिंह पंवार ने लंबगांव में नशा मुक्ति शादी करने पर वर और वधु पक्ष के लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दोनों परिवारों ने नशा मुक्त शादी संपन्न करवाकर समाज को नशा मुक्त का संदेश दिया है। उनेंने कहा कि नगर पंचायत लंबगांव और गोलाणी गांव की यह पहली नशा मुक्त शादी है। कहा कि शादी समारोह में शराब का बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय है। इस मौके पर लेखक अभिनव कलूड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युद्धवीर राणा, दिनेश कलूड़ा, संदीप कलूडा, चित्रा रावत, बबीता बिष्ट, उषा पंवार आदि मौजूद थे।

### निशुल्क बिजली—पानी को लेकर बांध प्रभावितों का धरना जारी

नई टिहरी। बांध प्रभावितों कार निशुल्क बिजली पानी की मांग को लेकर बौराड़ी के गणेश चौक में 72वें दिन भी धरना तथा 12वें दिन क्रमिक अनशन जारी रहा। रविवार को गीता नेगी और मालती राणा क्रमिक अनशन पर बैठी। धरने पर बैठे लोगों ने नारेबाजी कर सरकार से शीघ्र मांग के निराकरण की मांग उठाई। जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सागर भंडारी ने कहा कि टिहरी बांध से प्रदेश सरकार को मिलने वाली 12 प्रतिशत रॉयल्टी से बांध विस्थापितों को निशुल्क बिजली—पानी साथ जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा ओर रोजगार पर खर्चा किया जाना चाहिए। बांध प्रभावितों और विस्थापितों को कोई सुविधाएं नहीं मिल पाई। इस मौके पर देवांक चमोली, उम्मेद सिंह रावत, प्रवीन भंडारी, अशरूफी देवी, बबली देवी, रामेश्वरी देवी, मीना देवी, गैणा देवी, सरोजनी देवी, शगुफ्ता प्रवीन, प्रवीण भंडारी, उम्मेद सिंह रावत, कुंवर सिंह सजवाण आदि मौजूद थे।

### सीतापुर पार्किंग में प्रति व्यक्ति 100 रुपये ही लिया जाएगा शुल्क

रुद्रप्रयाग। सीतापुर पार्किंग में अवैध वसूली के विरोध में धरना प्रदर्शन के बाद आखिरकार पार्किंग संचालक बीआईटी सॉल्यूशन ने प्रवेश द्वार पर अनुबंध के अनुसार रेट लिस्ट चस्पा कर दी है। अब अनुबंध के अनुसार प्रति व्यक्ति से 100 रुपये ही लेकर रात्रि प्रवास करवाया जाएगा। बीआईटी सॉल्यूशन के प्रबंधक भारत भूषण ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान दो दिन तक तीर्थ यात्राओं की निशुल्क सेवा की गई है। अनुबंध के अनुसार प्रवेश द्वार पर प्रति व्यक्ति के लिए रेट लिस्ट चस्पा की गई है। उन्होंने कहा कि उनके कर्मचारियों ने यात्रियों से रात्रि प्रवास के प्रति व्यक्ति 250 रुपये लिए होंगे यह न्यायोचित नहीं है। आगे से वे खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि पार्किंग से कोई शिकायत ना आए। दूसरी ओर केदारधाम होटल ऑनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष धर्मेश नौटियाल व सचिव मनोज सेमवाल ने 100 रुपये शुल्क को ही समाप्त करने की मांग की। कहा कि यात्रियों के लिए यह व्यवस्था निशुल्क की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सोमवार तक अनुबंध में अंकित यह शर्त समाप्त नहीं की गई तो केदार घाटी के समस्त व्यापारी पार्किंग संचालक के विरुद्ध उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि मांग का समाधान न होने पर पार्किंग में तालाबंदी भी की जाएगी। वहीं जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने कहा कि अनुबंध के अनुसार सीतापुर पार्किंग यथावत संचालित हो रही है। यदि अवैध वसूली का प्रकरण है तो संचालक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करेंगे।

### 39.86 करोड़ से बनेगी तिलवाड़ा पेयजल योजना, 30 हजार की आबाद को लाभ

रुद्रप्रयाग। नगर पंचायत क्षेत्र तिलवाड़ा के लिए पेयजल योजना के लिए 39.86 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इस योजना के बनने से 30 हजार लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी। इसमें एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा दो टैंक बनाए जाएंगे। वर्ष 2019 में तिलवाड़ा पेयजल योजना की डीपीआर शासन को भेजी गई थी जिसकी स्वीकृति अब मिली है।

योजना के तहत लस्तर के पांजड़ा स्रोत से पानी को टेप किया जाएगा। योजना में क्षेत्र को दो जोन में बांटा गया है और यहां दो टैंक बनाए जाएंगे जिसमें रामपुर, तिलवाड़ा, मैठाणा, धारकोट के लिए एक टैंक बनेगा और सुमाड़ी के लिए अलग टैंक बनेगा। दोनों क्षेत्रों के लिए अलग—अलग पेयजल लाइन बनेगी। कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तिलवाड़ा नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए 39.86 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।

### अब गांवों के मिनी सचिवालय बनेंगे राष्ट्र निर्माण केंद्र

हरिद्वार(आरएनएस)। राज्य सरकार की अभिनव पहल के तहत अब ग्राम पंचायतों में बने मिनी सचिवालय केवल सरकारी कामकाज तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि ग्रामीण बच्चों के चरित्र निर्माण, नैतिक शिक्षा और राष्ट्रभक्ति के केंद्र के रूप में नई पहचान बनाएंगे। जनपद में इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत हो चुकी है और रविवार को रावली महदूद गांव में इसका सफल परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान ने बताया कि जनपद के 25 मिनी सचिवालयों में राष्ट्र निर्माण केंद्र संचालित किए जाएंगे। इन केंद्रों में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को नैतिक शिक्षा, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक बुराइयों से बचाव, खेलकूद और प्रेरणादायी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा।

# खैरासैंण को मिला उच्च शिक्षा का नया केंद्र

### महाराज ने किया सतपुली झील निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए गुणवत्ता के निर्देश



महाविद्यालय के भवन का लोकार्पण करते काबीना मंत्री सतपाल महाराज व धन सिंह रावत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज व डॉ. धन सिंह रावत ने रविवार को सतपुली के खैरासैंण में नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों ने इसे क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए युग की शुरुआत बताया। कहा कि अब दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी।

समारोह को संबोधित करते हुए सतपाल महाराज ने कहा कि यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के सपनों को नयी उड़ान देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि वर्षों से पहाड़ के विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित महाविद्यालय भवन बनने से छात्र—छात्राएं अपने क्षेत्र में रहकर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ह्नजन—जन की सरकार, जन—जन के द्वारह्न की भावना के साथ विकास कार्यों को धरातल पर उतार रही है। महाविद्यालय में अत्याधुनिक कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब और पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विभागीय अधिकारियों एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों से इस संस्थान को ज्ञान का केंद्र बनाने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी शहरों जैसी शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि वे प्रतियोगी दौर में पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य कर रही है। प्रदेश के महाविद्यालयों में आधुनिक कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय और डिजिटल शिक्षण सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि छात्र आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को रोजगारपरक और कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के लिए तैयार करने का आह्वान किया। साथ ही छात्र—छात्राओं से अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने को कहा। इसके बाद कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने सतपुली झील निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सतपुली नगर पंचायत क्षेत्र में करीब 56 करोड़ रुपये की लागत से बहुप्रतीक्षित झील का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। झील निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर उच्च शिक्षा निदेशक बी.आर. खाली, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय सहित सचिव बृजमोहन, राकेश नैथानी, सर्वेन्द्र सिंह, पंकज डोबरियाल, गणेश रावत, अंकित ठाकुर, सुरेन्द्र बिष्ट सहित अन्य उपस्थित थे।

## उक्रांद ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला



कोटद्वार के झंडा चौक में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते उक्रांद कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** प्रदेश में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान हो चुकी है।

उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता झंडा चौक में एकत्र हुए व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। इसके बाद कार्यकर्त्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में पहुंचे, जहां जुलूस सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए दल के केंद्रीय संरक्षक डा.शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि प्रदेश सरकार अपराधियों, माफियाओं व भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वाली सरकार गन गई है। कहा कि सरकार ने विकास करने के बजाय काला धन जमा किया है। कहा कि उक्रांद हमेशा अपराध, माफिया तंत्र, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता आ रहा है। यदि प्रदेश में उक्रांद की सरकार बनी तो दल राज्य को अपराध मुक्त, माफिया मुक्त, नशा मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त बनाएगा। महानगर अध्यक्ष जगदीपक रावत, रोहित डंडरियाल ने कहा कि सरकार का प्रशासनिक अधिकारियों पर कोई काबू नहीं रह गया है। नतीजा, राज्य की व्यवस्थाएं दिन—प्रतिदिन बिगड़ रही हैं। इस मौके पर महेंद्र सिंह रावत, पितृशरण जोशी, सत्यप्रकाश भारद्वाज, हरीश द्विवेदी, भारत मोहन काला, देवेंद्र रावत, कमलेश कुकरेती, गणेश रावत, उम्मेद सिंह भंडारी, प्रकाश रावत, दीपा अधिकारी आरती अधिकारी, संदीप पवार आदि मौजूद रहे।

### कैंसर से बचाव की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सालय गुरूग्राम की तरफ से ईसीएचएस पालीक्लीनिक सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही कैंसर के इलाज के लिए परामर्श भी दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रिग्रेडियर डा.एके धार ने किया। कैंप में आए लोगों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। डा.एके धार ने कहा कि कैंसर का सबसे बड़ा इलाज बचाव है। पहले कैंसर के इलाज के लिए केवल पांच दवाइयां उपलब्ध थी। लेकिन, वर्तमान में पांच हजार दवाइयां उपलब्ध है। कहा कि समय पर पहचान और सही इलाज से 75 प्रतिशत कैंसर पीड़ितों के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार संभव है। कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता है। कहा कि ईसीएचएस एवं पूर्व सैनिक संघर्ष समिति स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने का निरंतर प्रयास करता रहेगा।

## नाबालिग के विवाह की तैयारी, सिस्टम ने की कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः विकासखंड पोखड़ा स्थित एक गांव में नाबालिग के विवाह की तैयारी चल रही थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बाल संरक्षण व बाल कल्याण समिति की टीम ने जानकारी जुटाते हुए विवाह को रूकवाया। टीम ने बालिका को सुरक्षित पुनर्वास केंद्र भेजा। जिला परिवीक्षा अधिकारी/ जिला बाल संरक्षण अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि एक दिन पूर्व ही चाइल्ड हेल्पलाइन में सूचना मिली कि पोखड़ा के एक गांव में नाबालिग बालिका की शादी की तैयारी चल रही है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राकेश चंद्रा बिडालिया के निर्देश पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर भेजी गई। सत्यापन के दौरान नाबालिग बालिका का विवाह प्रस्तावित होना पाया गया। जिसके बाद टीम ने स्वजनों को बाल विवाह कानून के बारे में जानकारी दी। कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए टीम ने बालिका को आवश्यक संरक्षण एवं देखरेख हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही बालिका को सुरक्षित पुनर्वास केंद्र भेजा गया। जहां उसे परामर्श एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला परिवीक्षा अधिकारी ने बताया कि हाल ही में जनपद में बाल विवाह रोकथाम एवं जन—जागरूकता अभियान चलाया गया था। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिकों द्वारा समय पर सूचना देने के कारण यह कार्रवाई संभव हो सकी और एक बालिका का भविष्य सुरक्षित किया जा सका। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह जैसी गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें।

## जंगल में फेंके जा रहे कूड़े पर जताई नाराजगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः सेवानिवृत्त वन अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण समिति की बैठक में वनों में फेंके जा रहे प्लास्टिक कचरे के निस्तारण न किए जाने पर चिंता जताई गई।

पनियाली स्थित वन विभाग के अरण्य सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में वनों में प्लास्टिक कचरे की भरमार दिखाई देती। पर्यटन के नाम पर बाहर से लोग बड़ी संख्या में पहाड़ों की ओर रूख करते हैं।

कई लोग जंगल में बैठ प्लास्टिक के सामान में खाने पीने की चीजों का इस्तेमाल कर उसे निस्तारण करने की बजाय उसे जंगल में फेंक देते हैं, जो कि पर्यावरण के लिए हानिकारक है। वन विभाग की तरफ से प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है। बैठक में वन विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को वन विभाग के विश्राम गृहों में सपरिवार निश्शुल्क ठहरने की सुविधा दिए जाने की मांग की गई। कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मकान बनाने लिए निश्शुल्क इमारती लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाए जाए। बैठक में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का भुगतान को लेकर भी चर्चा करते हुए लंबित मामलों को शीघ्र ही समिति को अवगत करवाए जाने का आग्रह किया। इस मौके पर ऋषि राम पैन्यूली, आरपी पंत, अनिल कुकरेती, सुरेश मधवाल, गणेश डोभाल, नवीन जोशी, कुंदन सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरीश चंद्र भट्ट मौजूद रहे।

## लैंसडौन में राज्यपाल ने बढ़ाया सैनिकों का मनोबल


लैंसडौन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सैनिकों को संबोधित करते राज्यपाल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) का गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर लैंसडौन का दो दिवसीय दौरा संपन्न हो गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य सैन्य परंपराओं का अवलोकन करना, सैनिकों का मनोबल बढ़ाना और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करना रहा।

राज्यपाल ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन युद्ध स्मारक पर पुष्प—चक्र अर्पित कर वीर बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि वीरों की इस कर्मभूमि पर आकर वे गर्वित हैं। गढ़वाल राइफल्स का स्वर्णिम इतिहास रहा है। उन्होंने ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, अन्य अधिकारियों व सैनिकों के साथ संवाद किया। वूमेंस कैफे एवं भुल्ली सशक्तीकरण केंद्र का भ्रमण किया और महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।सेना के अधिकारियों द्वारा राज्यपाल को राय हट में सैन्य स्टेशन के ऐतिहासिक और सामरिक महत्व की जानकारी दी गई। राज्यपाल ने यहां सिविल प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने रेजिमेंट की उत्कृष्ट कार्यक्षमता और उच्चस्तरीय अनुशासन की प्रशंसा की। दो दिवसीय दौरे के दौरान राज्यपाल ने छात्रों के साथ संवाद कर उनकी अभिरुचि जानी और उन्हें उसी के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से भी बातचीत की। उनके साथ फोटो सेशन भी किया, साथ ही रेजिमेंट के लोगों से बातचीत कर उनमें ऊर्जा व उत्साह का संचार किया।

## बिना पैथोलॉजिस्ट चल रही थी दो लैब, सीएमओ ने शुरू की कार्रवाई


कोटद्वार में कलेक्शन सेंटर का निरीक्षण करते सीएमओ

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** सीएमओ शिव मोहन शुक्ला ने रविवार को कोटद्वार में पैथोलॉजी लैबों और कलेक्शन सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई देवी रोड स्थित एक लैब की रिपोर्ट पर उठे सवालों के बाद की गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में आरोप लगाया गया था कि बिना सैंपल लिए ही जांच रिपोर्ट तैयार कर दी गई। शिकायत मिलने पर सीएमओ ने मामले का संज्ञान लिया।

निरीक्षण के दौरान दो ऐसी लैब सामने आईं, जहां पैथोलॉजिस्ट की तैनाती तक नहीं थी। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सीएमओ ने संबंधित लैब संचालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अलावा भाबर क्षेत्र सहित विभिन्न कलेक्शन सेंटरों की भी जांच की गई। जांच में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, हालांकि सीएमओ ने संचालकों को व्यवस्थाएं और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था भागीरथी कला संगम की मासिक बैठक कल्याणेश्वर मंदिर में हुई। बैठक में संस्था के वरिष्ठ सदस्यों और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए वरिष्ठजनों में रमेश चंद्र थपलियाल, दीनबंधु चौहान, हरिप्रसाद उनियाल, भगत सिंह बिष्ट, पदमेंद्र सिंह रावत, रघुवीर सिंह रावत, राजेंद्र रावत, प्रनोद नौटियाल और यमुना प्रसाद काला प्रमुख रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संस्था लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था के निदेशक मदन गड़ोई ने कहा कि सफाई अभियान के साथ—साथ संस्था के बैनर तले बन रही गढ़वाली फिल्म बैमी शंख का विमोचन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र बर्थवाल आदि मौजूद रहे।

## यात्रा मार्ग पर शोपीस बना वाटर एटीएम, यात्री परेशान

नई टिहरी। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद गंगोत्री और यमुनोत्री धाम जाने वाले यात्रियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है लेकिन यात्रा मार्ग पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति अब भी सवालों के घेरे में है। चंबा—धरासू हाईवे पर कंडीसौड़ चौराहे के समीप लाखों रुपये की लागत से लगाया गया वाटर एटीएम लंबे समय से खराब पड़ा है। इससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को ठंडा पेयजल नहीं मिल पा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कंडीसौड़ चारधाम यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों वाहन रुकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए दो साल पहले यहां चौराहे पर 500 लीटर क्षमता का वाटर फिल्टर एटीएम लगाया गया था लेकिन लंबे समय से इसका कूलिंग सिस्टम खराब पड़ा है।

चारधाम यात्रा शुरू हुए लगभग 20 दिन होने वाला है लेकिन जल संस्थान एटीएम को दुरुस्त नहीं करा पाया है। ऐसे में यात्रियों को गर्मी के बीच ठंडे पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। व्यापारी शोभन सिंह कुमाई, विजय सिंह रौतेला, रामदयाल उनियाल, केशर सिंह राणा का कहना है कि यात्रा सीजन में कंडीसौड़ से होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के लिए गुजरते हैं।

## किसानों को मिलेगा अब अपना डिजिटल पहचान पत्र

नई टिहरी। केंद्र सरकार के डिजिटल कृषि मिशन के तहत अब किसानों को अपनी भूमि का किसान पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। भविष्य में किसान सम्मान निधि समेत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह पंजीकरण जरूरी माना जाएगा। आधार कार्ड की तर्ज पर अब किसानों को भी सरकार की ओर से एक डिजिटल पहचान किसान आईडी दी जाएगी। मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी ने बताया कि भूमि संबंधी अभिलेखों को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक किसान और काश्तकार का डिजिटल पंजीकरण किया जा रहा है। इसके तहत किसानों को अपनी भूमि का किसान पंजीकरण कराना होगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा किसान जन सेवा केंद्र के माध्यम से या स्वयं मोबाइल फोन से भी पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को सरकार के पोर्टल ४'त्रष्ठ.त्रष्ठ२३ू'.त्रद्ध५.ल्ल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पंजीकरण के लिए भूमि की खतौनी, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। मुख्य कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों पर अनुदान और कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह पंजीकरण अनिवार्य किया जा रहा है। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद और कृषि उत्पादों की बिक्री प्रक्रिया भी सरल हो सकेगी।

### ब्लॉक कार्यालय मार्ग पर खड़े कर रहे निजी वाहन

रुद्रप्रयाग। नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित ब्लॉक कार्यालय जाने वाली सड़क पर यातायात नियमों की अनदेखी से जनता को परेशानी को रही है।

सड़क किनारे निजी वाहन खड़े किए जा रहे हैं जिससे यहां आवाजाही बाधित हो रही है। साथ ही दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। खंड विकास अधिकारी सुरेश शाह ने बताया कि अधिकारियों के आवागमन से लेकर आम नागरिकों के कार्य तक इस अव्यवस्था से प्रभावित हो रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख भुवनेश्वरी देवी ने कहा कि स्कूल की छुट्टी के समय यह मार्ग सबसे अधिक जोखिमपूर्ण हो जाता है जबकि नजदीक ही निशुल्क पार्किंग है। मगर लोग वहां वाहन खड़ा नहीं कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से इस मार्ग को नो—पार्किंग जोन घोषित कर यहां निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की।

## पानी को तरस रहे ग्रामीण, दी आंदोलन की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**



पौड़ीः विकासखंड खिर्सू क्षेत्र के गांवों के लिए बनी ढिकवालगांव पंपिंग योजना से करीब दो सप्ताह से पेयजल आपूर्ति चरमराई हुई है जिससे क्षेत्र के कई गांवों में गंभीर पेयजल संकट हो गया है। गर्मी के बीच ग्रामीणों को स्रोत से पीने का पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। हालांकि विभाग योजना पर काम चलने की बात कह रहा है लेकिन धरातल पर स्थिति नहीं बदली। ग्रामीणों ने चेतावनी दी यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ढिकवालगांव पंपिंग योजना ठप होने से बुघाणी, देवलगढ़, जलेथा, बलोड़ी, सरणा, सुमाड़ी, ढिकवालगांव, धरीगांव, खालू, चमरोड़ा, भेसकोट और उज्ज्वलपुर समेत खिर्सू क्षेत्र के कई गांवों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। कई गांवों में लोगों को दिनभर पानी का इंतजार करना पड़ रहा है जबकि कई जगहों पर नलों से एक बूंद पानी तक नहीं टपका है। बुघाणी के पूर्व प्रधान प्रमोद उनियाल दुर्गेश कुमार फौजी, गबर सिंह भण्डारी, ताजबर कुमार आदि ने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी श्रीनगर तथा जल निगम एवं जल संस्थान के उच्चाधिकारियों से योजना से शीघ्र आपूर्ति सुचारु करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि विभागीय अधिकारी तकनीकी खराबी का हवाला देकर लगातार मरम्मत कार्य किए जाने की बात कह रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर समस्या जस की तस है। विभाग की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था तक नहीं की गई। जल संस्थान श्रीनगर के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल ने कहा कि योजना में तकनीकी फॉल्ट आने से 5—7 दिन से यह दिक्कत बनी हुई है। समस्या के समाधान के लिए विभाग की पूरी टीम जुटी हुई है।

## एक नजर

### जन्म के शुरुआती कुछ घंटे नवजात के लिए अत्यंत संवेदनशील

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय नवजात शिशु विज्ञान मंच की पहल पर रविवार को श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल दिवस के अवसर पर बुनियादी नवजात शिशु देखभाल प्रशिक्षण आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात शिशुओं की मृत्युदर कम करना और जन्म के तुरंत बाद मिलने वाली चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना रहा। बेस अस्पताल स्थित स्किल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना के नेतृत्व में हुआ। प्रशिक्षण में बाल रोग विभागाध्यक्ष एवं एनएनएफ के नेशनल ट्रेनर डॉ. सीएम शर्मा ने कहा कि नवजात शिशु के जन्म के बाद का पहला मिनट बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि जन्म के तुरंत बाद शिशु सांस नहीं ले रहा हो या रो नहीं रहा हो तो सही समय पर उचित उपचार देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। शुरुआती कुछ घंटे नवजात शिशुओं के लिए अत्यंत संवेदनशील होते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से नवजात शिशु मृत्युदर कम करने में काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. अजय आनंद गोस्वामी समेत अजूनियर रेजिडेंट डॉक्टर एवं नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे।

### भागीरथी कला संगम ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था भागीरथी कला संगम की मासिक बैठक कल्याणेश्वर मंदिर में हुई। बैठक में संस्था के वरिष्ठ सदस्यों और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए वरिष्ठजनों में रमेश चंद्र थपलियाल, दीनबंधु चौहान, हरिप्रसाद उनियाल, भगत सिंह बिष्ट, पदमेंद्र सिंह रावत, रघुवीर सिंह रावत, राजेंद्र रावत, प्रनोद नौटियाल और यमुना प्रसाद काला प्रमुख रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संस्था लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था के निदेशक मदन गड़ोई ने कहा कि सफाई अभियान के साथ-साथ संस्था के बैनर तले बन रही गढ़वाली फिल्म बैमी शंख का विमोचन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा।

### सैनिक विश्राम गृह संचालित करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। नगर में स्थित कल्याणेश्वर धर्मशाला में गौरव सेनानी संगठन की बैठक हुई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और पूर्व सैनिकों ने श्रीनगर के सैनिक विश्राम गृह के पिछले एक वर्ष से बंद पड़े होने पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि सैनिक विश्राम गृह बंद होने के कारण ड्यूटी पर आने वाले जवानों और पूर्व सैनिकों को ठहरने के लिए मजबूरी में निजी होटलों का सहारा लेना पड़ रहा है। संगठन ने प्रशासन से जल्द सैनिक विश्राम गृह को संचालित करने की मांग उठाई। बैठक की अध्यक्षता मथुरा प्रसाद सिलौड़ी ने की। बैठक में अरुण बहुगुणा, प्रेम सिंह रावत, प्रताप भंडारी, सुनील काला, हरि प्रसाद उनियाल, मुन्ना लाल और मातवर सिंह धनाई आदि मौजूद रहे।

### लकड़ी और डीजल की भट्टियों पर बनेगा लंगर

श्रीनगर गढ़वाल। 23 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने हैं। इसके लिए 20 मई को ऋषिकेश से पहला जत्था शाम को श्रीनगर पहुंचेगा और 21 मई की सुबह गोविंदघाट के लिए रवाना होगा। हेमकुंड यात्रा के दौरान श्रीनगर गुरुद्वारा श्रद्धालुओं का केंद्र बन जाता है। मगर इस यात्रा सीजन में गैस सिलिंडरों की कमी ने गुरुद्वारा प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में गुरुद्वारे में अब लकड़ी और डीजल भट्टियों का सहारा लिया जा रहा है। श्रीनगर गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधक हरविंदर सिंह लक्की ने बताया कि यात्रा के लिए गुरुद्वारे में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सामान्य दिनों में गुरुद्वारे को हर महीने करीब 70 गैस सिलिंडर मिलते हैं लेकिन इस बार इंडियन गैस एजेंसी से केवल 10 से 12 सिलिंडर ही मिले हैं। ऐसे में लंगर की व्यवस्था बनाए रखना बड़ी चुनौती है। लक्की ने बताया कि यात्रा सीजन में गुरुद्वारे में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 800 से अधिक पहुंच जाती है जबकि जून और जुलाई में प्रतिदिन करीब 900 से 1000 यात्री श्रीनगर में रात्रि विश्राम करते हैं।

### एसएसपी ने महिला पुलिस कर्मियों और बच्चों संग मनाया मातृ दिवस

नई टिहरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे की पहल पर पुलिस कार्यालय में महिला पुलिस कर्मियों और उनके बच्चों के साथ मातृ दिवस मनाया गया। एसएसपी ने महिला पुलिसकर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि वे पुलिस सेवा के साथ पारिवारिक दायित्वों का भी बेहतर ढंग से निर्वहन कर रही हैं। एक मां और पुलिस कर्मी की दोहरी भूमिका निभाना साहस, धैर्य और संतुलन का प्रतीक है। महिला पुलिस कर्मियों ने ड्यूटी के साथ परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियों को निभाने के अपने अनुभव साझा किए। एसएसपी ने महिला कर्मियों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने, परिवार और कार्य के बीच संतुलन बनाए रखने एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### इंस्पायर प्रतियोगिता में चयनित होने पर दिव्या भारती सम्मानित

गैरसैंण। जीआईसी लाटूगैर की कक्षा 11 की छात्रा दिव्या भारती को राष्ट्रीय स्तर की इंस्पायर प्रतियोगिता में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी विनोद सिंह मटूड़ा ने छात्रा को विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकें प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य प्रेम सिंह गुसाईं ने बताया कि का दिव्या भारती मल्टी परपज रिंगाल की कंडी के मॉडल की प्रदेश स्तरीय इंस्सपायर प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर विद्यालय और जनपद का मान बढ़ाया है।

### रसोई गैस संकट पर विधायक हुए खफा, डीएम को भेजा पत्र

उत्तरकाशी। टिहरी विधानसभा क्षेत्र में रसोई गैस की कमी होने पर विधायक किशोर उपाध्याय ने कड़ी नाराजगी जताई है। गैस की किल्लत होने पर विधायक ने जिला प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डीएम को पत्र भेजकर उन्होंने गैस डीलरों और संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित करने को कहा है। पत्र में कहा है कि टिहरी विधानसभा क्षेत्र में रसोई गैस समय पर उपलब्ध नहीं होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में रसोई गैस सिलिंडरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने डीएम से 13 मई शाम चार बजे गैस डीलरों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने को कहा है। गैस वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण का कार्यः डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने ८लैंसडाउन एवं जयहरीखाल क्षेत्र का व्यापक स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न विभागीय व्यवस्थाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता, सुरक्षा, स्वच्छता एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से संचालित करने तथा जनसुविधाओं को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। सबसे पहले जिलाधिकारी ने लैंसडाउन तहसील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व लेखाकार अनुभाग, कानून अनुभाग, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता, सूचना पटल, अभिलेखों, रजिस्टरों एवं मॉडर्न रिकॉर्ड रूम का अवलोकन किया।

उन्होंने कार्यालय में साइनेज लगाते हुए परिसर में स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण कर न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पीआरडी एवं होमगार्ड स्वयंसेवकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने तहसील कर्मचारियों के आवास निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थिति पंजिका एवं आपदा कार्यों से संबंधित पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने सांख्यिकी अधिकारी से एग्री स्टॉक की प्रगति की जानकारी भी ली। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन परिसर में साफ-सफाई, पेंटिंग, पौधरोपण एवं डेकोरेटिव लाइट्स के माध्यम से सौंदर्यीकरण कार्य एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने इसके ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित एवं प्रदर्शित करने के उद्देश्य से सूचना पट्ट स्थापित करने तथा इसे सुव्यवस्थित बनाए जाने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने जयहरीखाल विकासखंड अंतर्गत 10 हजार लीटर क्षमता वाले सकमुंडा पेयजल टैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा पंपिंग व्यवस्था बाधित होने की स्थिति में भी वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखी जाए, ताकि आमजन को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी पेयजल स्थलों पर साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए तथा जिला योजना से निर्मित पेयजल योजनाओं का उपजिलाधिकारी स्तर से नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने पेयजल आपूर्ति प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए जल निगम अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत सुझावों के आधार पर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्यालगांव स्थित भक्तदर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. एल.आर. राजवंशी ने छात्र-छात्राओं के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय परिसर में सुरक्षा दीवार, तारबाड़ एवं सीसीटीवी कैमरों जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था मंडी परिषद को निर्देश दिए कि भवन निर्माण कार्य 30 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। साथ ही रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने पीजी ब्लॉक के क्लासरूम एवं लैब हेतु प्रस्तावित भवन की भूमि का निरीक्षण किया तथा उन्होंने कार्यस्थल पर कोई कार्य होता हुआ नहीं पाया, जिस पर नाराजगी जताते हुए कल तक सभी मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने पुस्तकालय भवन एवं सभागार हॉल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गुमखालझसतपुली राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। सड़क किनारे मलबा पड़े रहने पर उन्होंने



गुमखाल-सतपुली के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण करती डीएम

कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि रोस्टर के अनुसार प्रत्येक समय कनिष्ठ अभियंता कार्यस्थल पर उपस्थित रहें तथा निर्माण कार्य कहीं भी अधूरा न छोड़ा जाए। उन्होंने ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्था को प्रभावी बनाने, जेसीबी ऑपरेटरों को आवश्यक स्थानों पर तैनात रखने, पर्याप्त लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा एक समय में सीमित स्थानों पर ही कार्य कर यातायात को 10 मिनट से अधिक बाधित न करने के निर्देश दिए। धूल नियंत्रण हेतु नियमित पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने तथा ब्लैक टॉप कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात से पूर्व सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाय। उन्होंने 5 जून तक 6 किलोमीटर ब्लैक टॉप कार्य पूर्ण करने तथा कटिंग कार्य रात्रिकाल में भी जारी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य अव्यवस्थित ढंग से एक साथ कई स्थानों पर संचालित न किए जाएं, बल्कि चरणबद्ध एवं सुनियोजित तरीके से कराए जाएं, ताकि यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रमिकों के रहने, खानपान एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सभी श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पहाड़ी ढाल की ओर रिटेनिंग वॉल का निर्माण तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पक्की नालियों एवं डंपिंग जोन की स्थिति की भी जानकारी ली। इस दौरान कनिष्ठ अभियंताओं ने बताया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर मार्ग की सफाई एवं व्यवस्थाओं में स्पष्ट सुधार दिखाई देने लगेगा। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि आगामी 15 दिनों के भीतर कार्य प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, अधिशासी अभियंता लोनिवि विवेक कुमार, जल निगम अजय बेलवाल, प्रभारी तहसीलदार विद्यानंद सेमवाल, नाजिर मनोज रावत, राजस्व उपनिरीक्षक अशोक चंद्र जोशी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी बिजेंद्र भंडारी सहित राजस्व विभाग, एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग धुमाकोट प्रभाग के सहायक अभियंता खुशवंत शर्मा एवं प्रोजेक्ट मैनेजर पवनेश व्यास भी मौके पर मौजूद रहे।

## चंपावत प्रकरण पर भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन



रुद्रप्रयाग। चंपावत प्रकरण को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन जमलोकी मौजूद रहे। विधायक ने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने और भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना किसी जांच और ठोस तथ्यों के भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्टी की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है। वहीं केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि भाजपा हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक व्यवस्थाओं और जनता की भावनाओं का सम्मान करती आई है जबकि कांग्रेस के कुछ नेता तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रदेश की जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास जनता के बीच जाने के लिए कोई सकारात्मक मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए वह आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है। इस दौरान जिला महामंत्री अरुण चमोली, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुषमा देवी, जिला उपाध्यक्ष रोशनी रोथान, जिला मंत्री बबीता नेगी, मंजू धीरवान, कंचन देवी, पार्वती गोस्वामी, शालिनी और अनीता आदि मौजूद रहीं। वहीं कर्णप्रयाग में भी भाजपा महिला मोर्चा ने चंपावत मामले को लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पवित्रा बिष्ट के नेतृत्व में मुख्य बाजार में कांग्रेस का पुतला फूंका गया। कहा कि चंपावत मामला संवेदनशील है जिस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मधु रावत, पूर्व पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशा डिमरी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सरोजनी भंडारी, जिलासू मंडल अध्यक्ष काजल भंडारी, भाजपा महिला मोर्चा सरोज हटवाल, नगर मंडल महामंत्री कांता रावत आदि मौजूद रहे।

### घर-घर जाकर पैसा मांगने वालों से रहें सतर्क

श्रीनगर गढ़वाल। शहर में इन दिनों धर्म के नाम पर घर-घर जाकर पैसा मांगने वाले लोगों की गतिविधियों से स्थानीय लोग परेशान हैं। इस संबंध में पार्षद शुभम प्रभाकर ने लोगों से सतर्क रहने और बिना सत्यापन किसी को भी आर्थिक सहायता न देने की अपील की है।

पार्षद ने बताया कि कुछ लोग खुद को राजस्थान से आया हुआ बताकर शहर के विभिन्न वार्डों में घूम रहे हैं और लोगों से रकम की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यह एक संगठित गिरोह भी हो सकता है। इसमें कई महिलाएं बच्चों समेत शामिल हैं। ऐसे में नागरिकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद संबंधित महिलाओं को सख्त हिदायत देकर भेज दिया गया है। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस को देने की अपील की।

## केदारनाथ हाईवे पर पत्थर गिरने से दो घंटे लगा जाम



रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर रविवार को जवाहर नगर और पेट्रोल पंप के बीच अचानक पहाड़ी से पत्थर गिरने से यातायात बंद हो गया। ऐसे में यहां दो घंटे तक जाम लगा रहा। इस दौरान एंबुलेंस समेत कई वाहन जाम में फंसे रहे जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से पत्थरों को हटाया और कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग खोल गया और वाहन गंतव्य के लिए रवाना हुए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गुमान सिंह बताया कि पत्थर गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

### विश्वनाथ मंदिर मार्ग पर लग रहा जाम

गुप्तकाशी। गुप्तकाशी स्थित विश्वनाथ मंदिर में भी दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है जिससे मंदिर मार्ग पर यातायात दबाव बढ़ गया है। मार्ग संकरा होने के कारण यहां बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। यात्री मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से छोटे वाहनों से मंदिर तक पहुंच रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र दत्त नौटियाल ने बताया कि मंदिर मार्ग ही स्वास्थ्य केंद्र और कई विद्यालयों का रास्ता है। पिछली यात्रा व्यवस्था बैठक में इस मार्ग को वन-वे किए जाने का सुझाव दिया गया था। वहीं थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि यात्राकाल के लिए मार्ग वन-वे किया गया है। इंटर कॉलेज की ओर से प्रवेश और मधुवन चौक की ओर से निकासी की व्यवस्था बनाई गई है। यदि इसका पालन नहीं हो रहा है तो सख्ती बरती जाएगी।

## खिर्सू में जल संकट : 12 से अधिक गांव, 14 दिन और पानी की एक बूंद नहीं

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड खिर्सू क्षेत्र के गांवों के लिए बनी ढिकवालगांव पंपिंग योजना से करीब दो सप्ताह से पेयजल आपूर्ति चरमराई हुई है जिससे क्षेत्र के कई गांवों में गंभीर पेयजल संकट हो गया है। गर्मी के बीच ग्रामीणों को स्रोत से पीने का पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। हालांकि विभाग योजना पर काम चलने की बात कह रहा है लेकिन धरातल पर स्थिति नहीं बदली। ग्रामीणों ने चेतावनी दी यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ढिकवालगांव पंपिंग योजना ठप होने से बुघाणी, देवलगढ़, जलेथा, बलोड़ी, सरणा, सुमाड़ी, ढिकवालगांव, धरीगांव, खालू, चमरोड़ा, भेसकोट और उज्ज्वलपुर समेत खिर्सू क्षेत्र के कई गांवों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। कई गांवों में लोगों को दिनभर पानी का इंतजार करना पड़ रहा है जबकि कई जगहों पर नलों से एक बूंद पानी तक नहीं टपका है। बुघाणी के पूर्व प्रधान प्रमोद उनियाल दुर्गेश कुमार फौजी, गबर सिंह भण्डारी, ताजबर कुमार आदि ने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी श्रीनगर तथा जल निगम एवं जल संस्थान के उच्चाधिकारियों से योजना से शीघ्र आपूर्ति सुचारु करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि विभागीय अधिकारी तकनीकी खराबी का हवाला देकर लगातार मरम्मत कार्य किए जाने की बात कह रहे हैं ।

### हुंकार रैली में हर कर्मचारी व शिक्षक से शामिल होने का आह्वान

चमोली। पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए 24 मई को कर्णप्रयाग में हुंकार महारैली का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली मोर्चा ने इसमें सभी कर्मचारी व शिक्षकों से शामिल होने का आह्वान किया। पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव तक जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक लगातार कार्यक्रम करने होंगे तभी उनकी मांग पर सरकार का ध्यान आकर्षित होगा। गोपेश्वर में रविवार को मोर्चा की चमोली शाखा की बैठक हुई। इसमें सभी विभागों के घटक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। मोर्चा के प्रांतीय उपाध्यक्ष पूरण सिंह फरस्वाण ने कहा कि इस हुंकार महारैली को सफल बनाने के लिए हर विभाग तक संपर्क करना होगा। जिलाध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के साथ खिलवाड़ है।

## मलबा आने से साढ़े तीन घंटे बंद रहा ज्योतिर्मठ-मलारी हाईवे



चमोली। ज्योतिर्मठ-मलारी हाईवे रविवार को ढाक के पास मलबा आने से बंद हो गया। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद बीआरओ ने हाईवे खोला तो फंसे लोगों ने राहत की सांस ली और वह गंतव्य के लिए रवाना हुए। मलारी हाईवे पर चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। रविवार दोपहर करीब एक बजे चौड़ीकरण कार्य के दौरान ज्योतिर्मठ से करीब 10 किमी आगे ढाक के पास पापड़ी धार में मलबा हाईवे पर आ गया। इससे हाईवे पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। हाईवे बंद होने से ढाक, तपोवन, रिंगी, सुभाई, लाता, रैणी सहित तपोवन से आगे नीती घाटी तक कई गांवों का संपर्क कट गया। हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। हाईवे बंद होने पर बीआरओ की जेसीबी मार्ग खोलने में जुट गई। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद हाईवे सुचारु कर दिया गया। वहीं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी ने बताया कि हाईवे बंद होने पर संबंधित एजेंसी व प्रशासन की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मलबा हटाया। हाईवे को वाहनों के लिए सुचारु कर दिया गया है।

## गंगा में पसरी गंदगी ने खोली स्वच्छता अभियान की पोल



हरिद्वार। धर्मनगरी में गंगा स्वच्छता को लेकर प्रशासन भले ही लगातार अभियान चलाने और बड़े-बड़े दावे करने में जुटा हो, लेकिन कनखल क्षेत्र स्थित बैरागी कैंप घाट की बदहाल तस्वीरें इन दावों की हकीकत बयां कर रही हैं। गंगा तट पर फैली गंदगी, टूटे कांवड़ों का मलबा और रेलिंगों में उलझे पुराने कपड़े प्रशासनिक लापरवाही की कहानी कह रहे हैं। बैरागी कैंप घाट के आसपास गंगा की धारा में जगह-जगह टूटे हुए कांवड़ों के हिस्से बहकर किनारों पर जमा हो गए हैं। वहीं घाट की रेलिंगों में कई पुराने कपड़े लंबे समय से फंसे हुए दिखाई दे रहे हैं। यह नजारा न केवल गंगा की पवित्रता को आहत कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई दिनों से घाट पर यही स्थिति बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने अब तक सफाई को लेकर कोई गंभीर कदम नहीं उठाया। श्रद्धालुओं का कहना है कि जिस गंगा को आस्था और जीवन का प्रतीक माना जाता है, उसी के घाटों पर इस तरह की गंदगी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गौरतलब है कि गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए जिला प्रशासन द्वारा गंगा संरक्षण समिति का गठन किया गया है, जिसकी कमान स्वयं जिलाधिकारी के हाथों में है।

## घर से लापता हुई नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नाबालिग दो दिनों से लापता चल रही थी। शनिवार रात को परिजनों ने उसे खोज लिया। पूछताछ के लिए उसे कोतवाली बुलाया गया और फिर परिजनों के साथ घर भेज दिया। शनिवार देर रात घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई की बजाय किशोरी के साथ मारपीट की, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। वहीं, रविवार को अस्पताल में परिजनों ने हंगामा कर दिया और पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाया है। संदिग्ध हालत में मौत के मामले में कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भी परिजनों से मिलकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की घर से शाम को ट्यूशन के लिए बोलकर निकली थी। देर शाम तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। बाद में परिजनों ने लड़की को ढूंढकर पुलिस को सूचित किया गया।

**जयन्त**

संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा 28, न्यू डिफेंस एन्क्लेव, डांडा नूरीवाला, सहस्रधारा रोड़, देहरादून उत्तराखण्ड से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जिला मुख्यालय देहरादून, उत्तराखण्ड होगा।

CONT. 9412081969
PRGI NO. UTTHIN/2005/16338

